an>

Title: Need to provide subsidized foodgrains and kerosene to saffron card holders under public distribution system in Maharashtra.

**श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) :** केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा किफायती दर से मध्यमवर्गीय गैरलाभार्थी (केशरी कार्ड धारक) ग्राहकों को आवंटित किए जाने वाले अनाज की आपूर्ति बंद करके और केरोसीन में 38 फीसदी कटौती करने का नवंबर 2014 से निर्णय लिया है। इससे देश के विशेÂ◌ाकर महाराÂट्र के मध्यमवर्गीय गैरलाभार्थी 2 करोड़ ग्राहक जनता प्रभावित हुई है और उन्हें इससे असुविधा प्राप्त हो रही है। इस मामले में केंद्र सरकार द्वारा ध्यान देकर गैर लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ देने हेतु शीघ्रता से कार्यवाही करने की आवश्यकता है।